पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति, जयपुर, राजस्थान

बी-19,मधुकर भवन ,न्यू कालोनी ,एम.आई .रोड ,जयपुर -३०२००१

(पंजीयन -coop/2019/jaipur/104513)अणुडाक- deendayalupadhyaysmriti@gmail.com

वेबस्थल - www.deendayalupadhyaysmriti.org

प्रोफ़ेसर मोहनलाल छीपा

अध्यक्ष

मोबाइल -9425018651 ,

अणुडाक- mchhipa@rediffmail.com

दिनांक -25-1-2020

विषय - पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 52 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 11 फ़रवरी 2020 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय या उनके किसी विचार पर लेखन करने वाले लेखकों का सम्मान करने बाबत |

महोदय /महोदया ,

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय **की 52 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति, जयपुर, द्वारा 11 फ़रवरी 2020 को सायं 3.00 बजे धानक्या (जयपुर) स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर किया जा रहा है जिससे एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं दर्शन से नवयुवक समुदाय एवं आमजन जानकारी प्राप्त कर प्रेरणा ले सकें | स्मृति समारोह समिति का लक्ष्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार एवं दर्शन को स्मारक की सहायता से जन-जन तक पंहुचाना है | राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण ने राजस्थान सरकार से वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर भूमि एवं भवन पर लगभग 10.00 करोड़ रुपये की लागत से एक विहंगम राष्ट्रीय स्मारक का निर्माण किया है |

आपको यह जानकार प्रसन्नता होगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति ने इस **पुण्यतिथि कार्यक्रम** के अवसर पर आप जैसे लेखकों का सम्मान करने का निश्चय किया है जिन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन पर कोई स्वतंत्र /सम्पादित पुस्तक प्रकाशित करवाई है |हमें यह जानकारी मिली है कि आप द्वारा लिखित/सम्पादित पुस्तक का शीर्षक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन से संबन्धित है | आपसे आग्रह है कि पुण्यतिथि के अवसर पर धानक्या स्थित राष्ट्रीय स्मारक पर 11 फ़रवरी 2020 को प्रातः 11 बजे तक पहुँचने का कष्ट करें जिससे कि आप **पंडित दीनदयाल उपाध्याय विचार परिवार** की बैठक में भी

भाग ले सको तथा 3.00 बजे राजस्थान के राज्यपाल माननीय श्री कलराजजी मिश्र आपका सम्मान भी कर सके | इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान के राज्यपाल माननीय श्री कलराजजी मिश्र तथा मुख्य वक्ता के रूप में माननीय दुर्गादास जी क्षेत्रीय प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस समारोह में सहभागिता की स्वीकृति प्रदान की है | इससे पूर्व आपसे आग्रह है अणुडाक/वाटसअप से अपनी पुस्तक का शीर्षक ,सहयोगी लेखकों के नाम ,प्रकाशक का नाम ,प्रकाशन वर्ष(कवर पृष्ठ की फोटो प्रति) आदि जानकारी भेजने का कष्ट करें तथा यहाँ आते समय पुस्तक की एक प्रति अवश्य लायें जिससे स्मारक में आने वाले पाठक तथा शोधार्थी लाभान्वित हो सके |आपसे निवेदन है कि 5 फ़रवरी 2020 तक अपने धानक्या आने के यात्रा कार्यक्रम की जानकारी भेजे जिससे कि आपके आवास/यातायात/भोजन की व्यवस्था कर सके |आर्थिक संसाधनो की सीमितता के कारण हम मार्ग व्यय नहीं दे सकेंगे |

सादर,

भवदीय

(प्रो.मोहन लाल छीपा)